रेलवे भर्ती बोर्ड

# RRB NTPC

## गैर तकनीकि लोकप्रिय कोटि

## CBT Stage-I & II

# सामान्य बुद्धि और तर्कशक्ति

# सम्पूर्ण अध्यायवार

# सॉल्वड पेपर्स

**प्रधान सम्पादक**

ए.के. महाजन

**लेखन सहयोग**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, पंकज कुशवाहा, चरन सिंह

**संपादकीय कार्यालय**

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**

**© All rights reserved with Publisher**

**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक ए.के. महाजन ने ओम साईं ऑफसेट, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

**मूल्य : 595/-**

# विषय-सूची

## तर्कशक्ति (Reasoning)


**भाग-1 : सादृश्यता (Analogy) ..................... 5-20**

Type 1 हिन्दी शब्दों पर आधारित सादृश्यता ........................... 5
Type 2 अंग्रेजी शब्दों पर आधारित सादृश्यता ........................... 9
Type 3 वाक्यों में दिये गये अंग्रेजी तथा हिन्दी शब्दों पर आधारित सादृश्यता ........................... 10
Type 4 अंग्रेजी वर्णमाला पर आधारित सादृश्यता ........................... 12
Type 5 संख्याओं पर आधारित सादृश्यता ........................... 15
Type 6 विविध ........................... 19

**भाग-2 : कोडिंग-डिकोडिंग (Coding-Decoding) .................. 21-40**

Type 1 अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के अंकों में कूट पर आधारित प्रश्न ........................... 21
Type 2 अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों की अक्षरों में कोडिंग पर आधारित प्रश्न ........................... 26
Type 3 शब्द समूहो की कोडिंग पर आधारित प्रश्न ........................... 32
Type 4 विविध ........................... 38

**भाग-3 : वर्गीकरण (Classification)........ 41-55**

Type 1 शब्दों पर आधारित वर्गीकरण ........................... 41
Type 2 अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों/संख्या/प्रतीकों पर आधारित वर्गीकरण ........................... 47
Type 3 संख्या/संख्या-युग्म पर आधारित वर्गीकरण ........................... 50
Type 4 आकृतियो पर आधारित वर्गीकरण ........................... 52
Type 5 विविध ........................... 54

**भाग-4 : श्रृंखला (Series) ......................... 56-70**

Type 1 अंकों पर आधारित श्रृंखला ........................... 56
Type 2 अक्षरों पर आधारित श्रृंखला ........................... 61
Type 3 अंको तथा अक्षरों की मिश्रित श्रृंखला ........................... 66
Type 4 आकृतियों पर आधारित श्रृंखला ........................... 69
Type 5 विविध ........................... 70

**भाग-5 : लुप्त संख्या/अक्षर/पद/आकृति (Missing Number/Letter / Term/ Figure)........................... 71-87**

Type 1 लुप्त संख्या पर आधारित प्रश्न ........................... 71
Type 2 लुप्त अक्षर पर आधारित प्रश्न ........................... 83
Type 3 लुप्त आकृति पर आधारित प्रश्न ........................... 85
Type 4 विविध ........................... 87

**भाग-6 : दिशा परीक्षण (Direction Test)...................... 88-98**

Type 1 किसी व्यक्ति की दिशा किसी व्यक्ति की दिशा ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न ........................... 88
Type 2 एक बिन्दु के सापेक्ष दूसरे बिंदु की दिशा ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न ........................... 89
Type 3 दूरी पर आधारित प्रश्न ........................... 91
Type 4 दूरी और दिशा पर आधारित मिश्रित प्रश्न ........................... 94
Type 5 घड़ी की सुईयों की दिशा पर आधारित प्रश्न ........................... 97
Type 6 विविध ........................... 97

**भाग-7 : रक्त संबंध (Blood Relation) ......99-124**

Type 1 व्यक्ति संबंध पर आधारित प्रश्न ........................... 99
Type 2 फोटोग्राफ/संकेत पर आधारित प्रश्न ........................... 109
Type 3 अक्षर संबंध पर आधारित प्रश्न ........................... 114
Type 4 दिए गए व्यंजकों पर आधारित प्रश्न ........................... 120
Type 5 विविध ........................... 122

**भाग-8 : अंकगणितीय संक्रियाएँ (Arithmetical Operations)........................... 125-145**

Type 1 अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के गणितीय चिन्हों में परिवर्तन पर आधारित अंकगणितीय संक्रियाएँ........... 125
Type 2 गणितीय चिन्हों के गणितीय चिन्हों में परिवर्तन पर आधारित अंकगणितीय संक्रियाएँ........................... 129
Type 3 प्रतीकों के गणितीय चिन्हों में परिवर्तन पर आधारित अंकगणितीय संक्रियाएँ ........................... 135
Type 4 अंको/संख्याओं तथा गणितीय चिन्हों के परस्पर परिवर्तन पर आधारित अंकगणितीय संक्रियाएँ........... 138
Type 5 गणितीय चिन्हों की विलुप्तता पर आधारित अंकगणितीय संक्रियाएँ ........................... 144

**भाग-9 : वेन आरेख (Venn Diagram) ..... 146-154**

**भाग-10 : आरेख-विश्लेषण (Diagram Analysis) ........... 155-166**

Type 1 अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों एवं प्रतीकों पर आधारित आरेख संबंधी प्रश्न ............ 155

Type 2 अंकों पर आधारित आरेख संबंधी प्रश्न ............ 157

**भाग-11 विश्लेषणात्मक तर्क शक्ति (Analytical Reasoning)....... 167-190**

**भाग-12 : न्याय निगमन (Syllogism)...... 191-221**

Type 1 'सभी' वाले कथन पर आधारित न्याय निगमन ............ 191

Type 2 'कुछ' वाले कथन पर आधारित न्याय निगमन .......... 196

Type 3 'कुछ' तथा 'सभी' दोनों वाले कथन पर आधारित न्याय निगमन ............ 198

Type 4 'कुछ' तथा 'कोई नहीं' दोनों वाले कथन पर आधारित न्याय निगमन ............ 211

Type 5 'सभी' तथा 'कोई नहीं' दोनों वाले कथन पर आधारित न्याय निगमन ............ 213

Type 6 विविध ............ 218

**भाग-13 : कथन और निष्कर्ष (Statement and Conclusion)......................... 222-235**

Type 1 सामान्य कथन और निष्कर्ष ............ 222

Type 2 गणितीय संक्रियाओं पर आधारित कथन और निष्कर्ष........ 234

**भाग-14 : कथन/तर्क/वक्तव्य एवं पूर्वधारणा/ अवधारणा/ पूर्वानुमान / मान्यता/ कार्यवाही (Statement and Assumption/Operations) ... 236-247**

Type 1 कथन/तर्क/वक्तव्य तथा धारणा/पूर्वधारणा पर आधारित प्रश्न ............ 236

Type 2 कारण एवं प्रभाव पर आधारित प्रश्न ............ 241

Type 3 कथन/तर्क/वक्तव्य तथा कार्यवाही पर आधारित प्रश्न........ 243

Type 4 विविध ............ 246

**भाग-15 : आकड़ों की पर्याप्तता (Data Sufficiency)............. 248-255**

Type 1 क्रम पर आधारित आकड़ों की पर्याप्तता ............ 248

Type 2 गणितीय संक्रियाओं पर आधारित आकड़ों की पर्याप्तता ............ 249

Type 3 कूट पर आधारित आकड़ों की पर्याप्तता ............ 252

Type 4 रक्त संबंध पर आधारित आकड़ो की पर्याप्तता .......... 252

Type 5 कथन/प्रश्न तथा तर्क/कथन पर आधारित प्रश्न ............ 253

**भाग-16 : क्रम एवं बैठने की व्यवस्था (Sequence and Sitting Arrangement) .................. 256-287**

Type 1 पंक्ति पर आधारित क्रम व्यवस्था ............ 256

Type 2 वृत्ताकार, वर्गाकार आदि आकृतियों पर आधारित क्रम एवं बैठक व्यवस्था ............ 264

Type 3 ऊंचाई/लम्बाई/वजन आदि पर आधारित क्रम व्यवस्था ............ 274

Type 4 शृंखला पर आधारित क्रम व्यवस्था ............ 279

Type 5 वर्णमाला/अक्षरों/शब्दों पर आधारित क्रम व्यवस्था..... 281

**भाग-17 : कैलेण्डर-घड़ी (Calendar/Clock) ............. 288-290**

Type 1 तिथि तथा दिवस पर आधारित प्रश्न ............ 288

Type 2 घड़ी की सुईयों के बीच के कोण पर आधारित प्रश्न ............ 290

Type 3 विविध ............ 290

**भाग-18 : रेखाओं एवं आकृतियों की गणना (Lines and Figures counting) ............................ 291-294**

Type 1 त्रिभुजों की गणना पर आधारित प्रश्न ............ 291

Type 2 चतुर्भुज/पंचभुज/आयत की गणना पर आधारित प्रश्न.......... 293

Type 3 वर्गों की गणना पर आधारित प्रश्न ............ 293

Type 4 रेखाओं/पंक्तियों की गणना पर आधारित प्रश्न .......... 294

**भाग-19 : जल एवं दर्पण प्रतिबिम्ब (Water and Mirror Image) ........... 295-295**

**भाग-20: पासा/घन/ घनाभ (Dice/ Cube/ Cuboid) ....... 295-299**

**भाग-21 : विविध (Miscellaneous) ....... 300-312**

## एन.टी.पी.सी. की पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट

| क्र.सं. | परीक्षा प्रश्न-पत्र | परीक्षा तिथि/ परीक्षा वर्ष | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | NTPC Stage - II | 2022 | 15×120 = 1800 |
| 2. | NTPC Stage - I (Graduate Level & Non-Graduate Level) | 2019 | 133×100 = 13300 |
| 3. | NTPC Stage - II | 2017 | 9×120 = 1080 |
| 4. | NTPC Stage - I (Graduate Level & Non-Graduate Level) | 2016 | 64×100 = 6400 |
| | | | **Total = 22580** |

# पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नों का विश्लेषणात्मक पाई चार्ट एवं बार ग्राफ






# 01.

# सादृश्यता (Analogy)

## Type-1 : हिन्दी शब्दों पर आधारित सादृश्यता

1. **निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों से संबंधित शब्द चुनें।**
**लेखक : कलम : दर्जी : ?**
(a) कुल्हाड़ी (b) सुई
(c) आरी (d) सर्जन की छुरी
**RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार लेखक को लिखने के लिए कलम की आवश्यकता होती है उसी प्रकार दर्जी को सिलाई करने के लिए सुई की आवश्यकता होती है।

2. **उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले से संबंधित है।**
**शर्ट : परिधान :: हार : ?**
(a) जंजीर (b) सोना (c) आभूषण (d) गर्दन
**RRB NTPC 05.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, शर्ट एक परिधान (कपड़ा) है, उसी प्रकार हार एक 'आभूषण' है।

3. **उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**बिहार : झारखण्ड :: छत्तीसगढ़ : ?**
(a) महाराष्ट्र (b) रांची
(c) रायपुर (d) मध्य प्रदेश
**RRB NTPC 05.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार झारखण्ड राज्य का गठन बिहार राज्य को विभाजित करके किया गया है। उसी प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य का गठन मध्य प्रदेश राज्य को विभाजित करके किया गया है।

4. **उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वही सम्बन्ध रखता हो, जो पहला शब्द दूसरे शब्द से रखता है।**
**गुरुत्वाकर्षण : खोज : टेलीफोन :?**
(a) प्रयोग (b) अन्वेषण
(c) निर्माण (d) आविष्कार
**RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार गुरुत्वाकर्षण की खोज न्यूटन ने की थी ठीक उसी प्रकार टेलीफोन का आविष्कार ग्राहमबेल ने किया था।

5. **उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वही संबंध रखता है, जो पहला शब्द दूसरे शब्द से रखता है।**
**प्रसन्नता : दुःख :: वैषम्य : ?**
(a) प्रतिस्पर्धा (b) समरसता (c) युद्ध (d) गुस्सा
**RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'प्रसन्नता' का विलोम 'दुःख' है। ठीक उसी प्रकार 'वैषम्य' का विलोम 'समरसता' है।

6. **वह विकल्प चुने जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**कागज : स्टेप्लर :: कपड़े : ?**
(a) डिटर्जेंट (b) ड्रायर (c) हैंगर (d) वाशिंग मशीन
**RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार कागज को टांगने या पंच करने के लिए स्टेप्लर का प्रयोग किया जाता है। उसी प्रकार कपड़े को टांगने के लिए हैंगर का प्रयोग किया जाता है।

7. **वह विकल्प चुनें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**हाथ : अंगूठा :: पेन : ?**
(a) उंगली (b) होल्डर (c) कागज (d) निब
**RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार, अंगूठा हाथ का भाग है। उसी प्रकार निब पेन का भाग है।

8. **उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**भारत : चीता :: नेपाल : ?**
(a) शेर (b) गाय (c) गैंडा (d) तेंदुआ
**RRB NTPC 11.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, भारत का राष्ट्रीय पशु चीता है।
उसी प्रकार, नेपाल का राष्ट्रीय पशु गाय है।

9. **उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**रोगी : चिकित्सक :: विद्यार्थी : ?**
(a) कक्षानायक (b) विद्यालय (c) शिक्षक (d) व्याख्यान
**RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार रोगी व्यक्ति रोग निदान के लिए चिकित्सक के पास जाता है। उसी प्रकार विद्यार्थी शिक्षा अर्जन के लिए शिक्षक के पास जाता है।

10. **उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**धीर : शांत :: उत्तेजित : ?**
(a) अभिमानी (b) नीरस (c) चुप (d) क्रुद्ध
**RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार, धीर का समानार्थी शब्द शांत है।
उसी प्रकार, उत्तेजित का समानार्थी शब्द क्रुद्ध होगा।

11. **उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**प्रकृति : प्राकृतिक : पोषण : ?**
(a) स्वाभाविक (b) पोषित (c) चरित्र (d) विशिष्ट
**RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार प्रकृति का विशेषण प्राकृतिक होता है। उसी प्रकार पोषण का विशेषण पोषित होता है। अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

**12. उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द, पहले शब्द से संबंधित है।**

**विषाणु : रोग :: व्यायाम : ?**

(a) साइकिलिंग (b) टहलना (c) स्वास्थ्य (d) जॉगिंग

**RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'विषाणु' रोग का कारक है उसी प्रकार 'व्यायाम' स्वास्थ्य का कारक है।

**13. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**

**हिमालय : गंगा :: सतपुड़ा :?**

(a) कावेरी (b) नर्मदा (c) गोदावरी (d) यमुना

**RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार गंगा हिमालय की पहाड़ियों से निकलती है उसी प्रकार नर्मदा, सतपुड़ा की पहाड़ियों से निकलती है।

**14. कौन सा विकल्प तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है ?**

**दमन और दीव : दमन :: अंडमान और निकोबार : ?**

(a) निकोबार (b) इंदिरा पॉइंट (c) गरचारमा (d) पोर्ट ब्लेयर

**RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार दमन व दीव की राजधानी दमन है। ठीक उसी प्रकार अंडमान और निकोबार की राजधानी पोर्ट ब्लेयर है।

**15. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**

**सैनिक : युद्ध टैंक :: किसान : ?**

(a) पानी (b) फसल (c) भूमि (d) ट्रैक्टर

**RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'युद्ध टैंक' के प्रयोग से सैनिक को युद्ध कार्य में सहायता मिलती है। उसी प्रकार ट्रैक्टर के प्रयोग से किसान को खेती करने में सहायता मिलती है।

**16. उस विकल्प का चयन करें जिसमें दिए गए शब्दों के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए दो शब्दों के बीच है।**

**गैंडा : सींग**

(a) हाथी : गजदंत (b) गाय : बछड़ा

(c) कुत्ता : भौंकना (d) गधा : रेंकना

**RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार गैंडा के सींग होते है उसी प्रकार हाथी के गजदंत (हाथी दांत) होते है।

**17. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वहीं संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**श्रीलंका : द्वीप : : भारत : ?**

(a) एशिया (b) महासागर (c) प्रायद्वीप (d) पठार

**RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार श्रीलंका एक द्वीपीय देश है उसी प्रकार भारत एक प्रायद्वीपीय देश है।

**18. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें दिए गए शब्द-युग्म के शब्दों के बीच वही संबंध है, जो दिए गए शब्द युग्म के शब्दों के बीच है।**

**बावर्ची : रेस्तरां**

(a) चिकित्सक : रोगी (b) पुस्तकालयाध्यक्ष : कैटलॉग

(c) बढ़ई : लकड़ी (d) औषधि-विक्रेता : दवाखाना

**RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'रेस्तरां' में बावर्ची काम करते है ठीक उसी प्रकार 'दवाखाना' में 'औषधि-विक्रेता' काम करते है।

**19. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।**

**राजमिस्त्री : निर्माण :: मैकेनिक : ?**

(a) कारें (b) उपकरण (c) फैक्टरी (d) रिपेयर

**RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार, राजमिस्त्री, निर्माण का कार्य करता है, उसी प्रकार, मैकेनिक, रिपेयरिंग (मरम्मत) का कार्य करता है।

**20. उस विकल्प को चुनें जो तीसरे पद से उसी प्रकार सम्बंधित है जिस प्रकार दूसरा पद, पहले पद से सम्बंधित है।**

**कुत्ता : रक्षक : : घोड़ा : ?**

(a) गाड़ी (b) काठी (c) अस्तबल (d) सवारी

**RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार कुत्ते का संबंध रक्षा करने से है, उसी प्रकार घोड़े का संबंध सवारी करने से है।

**21. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित हैः**

**अलमारी : संग्रहण करना : : कुर्सी : ?**

(a) वस्तुएं रखना (b) लेटना (c) बैठना (d) खड़े होना

**RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार अलमारी (Almirah), किसी वस्तु को संग्रहण (Storage) करने के काम आती है। उसी प्रकार कुर्सी (Chair), बैठने (Sitting) के काम आती है।

**22. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**

**आयात : निर्यात :: व्यय : ?**

(a) जमा (क्रेडिट) (b) राजस्व (c) बजट (d) अर्थव्यवस्था

**RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार आयात का विलोम निर्यात होता है। उसी प्रकार व्यय का विलोम राजस्व होता है।

**23. वह विकल्प चुनें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**रणथंभौर : राजस्थान :: काजीरंगा : ?**

(a) असम (b) नागालैंड (c) मेघालय (d) मणिपुर

**RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार रणथंभौर, राजस्थान का राष्ट्रीय उद्यान है, उसी प्रकार काजीरंगा, असम का राष्ट्रीय उद्यान है।

**24. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें दिए गए शब्दों के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए शब्द युग्म के शब्दों के बीच है।**

**घन : वर्ग**

(a) आयत : समचतुर्भुज (b) शंकु : हैट

(c) गोला : वृत्त (d) क्षेत्रफल : परिमाप

**RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, घन त्रिविमीय आकृति है और वर्ग द्विविमीय आकृति है उसी प्रकार, गोला त्रिविमीय आकृति है और वृत्त द्विविमीय आकृति है।

**25. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**ईंटे : भट्ठे :: सिक्के : ?**
(a) प्रयोगशाला (b) खदान (c) टकसाल (d) कारखाना
**RRB NTPC 03.04.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार ईंट, भट्ठे में बनाये जाते हैं उसी प्रकार सिक्कों की ढलाई टकसाल में की जाती है।

**26. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**सूक्ष्मदर्शी : दूरदर्शी :: आवर्धक ग्लास : ?**
(a) बाइनाकुलर्स (b) कैलाइडोस्कोप (c) कैमरा (d) प्रोजेक्टर
**RRB NTPC 31.07.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'सूक्ष्मदर्शी' का उपयोग नजदीक की वस्तु देखने के लिए तथा दूरदर्शी का उपयोग दूर की वस्तु देखने के लिए किया जाता है, उसी प्रकार आवर्धक लेन्स का उपयोग नजदीक की वस्तु देखने के लिए तथा बाइनाकुलर्स (दूरबीन) का उपयोग दूर की वस्तु देखने के लिए करते है।

**27. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**एयरक्राफ्ट : केबिन :: रेलगाड़ी : ?**
(a) प्लेटफार्म (b) ट्रैक (c) इंजन (d) कोच
**RRB NTPC 31.07.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'एयरक्राफ्ट में बैठने के लिए केबिन होता है उसी प्रकार रेलगाड़ी में बैठने के लिए कोच होता है।

**28. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**दिन : सप्ताह :: माह : ?**
(a) कैलेंडर (b) वार्षिक (c) सप्ताह (d) वर्ष
**RRB NTPC 22.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'सप्ताह', दिनों का समूह है, उसी प्रकार 'वर्ष', महीनों का समूह है।

**29. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**नौसेना : शिप :: थलसेना : ?**
(a) बंदूकें (b) टैंक (c) सिपाही (d) युद्ध
**RRB NTPC 22.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार नौसेना में शिप (पानी के जहाज) का प्रयोग किया जाता है उसी प्रकार थलसेना में टैंक का प्रयोग किया जाता है।

**30. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**बॉक्सिंग : राउंड :: बैडमिंटन : ?**
(a) पॉइंट (b) टूर्नामेंट (c) मैच (d) गेम
**RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'बॉक्सिंग' का सम्बन्ध 'राउंड' से है उसी प्रकार से 'बैडमिंडन' का सम्बन्ध 'गेम' से होगा।

**31. उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है,जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**कानून : आदेश :: अपराध : ?**
(a) युद्ध (b) सजा (c) शांति (d) अपराधी
**RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, आदेश का सम्बन्ध कानून से है उसी प्रकार, सजा का सम्बन्ध अपराध से है।

**32. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**घड़ी : समय :: थर्मामीटर :?**
(a) तापमान (b) बुखार (c) बीमारी (d) मौसम
**RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार घड़ी द्वारा समय प्रदर्शित होता है, उसी प्रकार थर्मामीटर द्वारा तापमान प्रदर्शित होता है।

**33. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**जीभ : स्वाद :: फेफड़े : ?**
(a) श्वसन (b) परिसंचरण (c) संवेदन (d) स्वेदन
**RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार जीभ द्वारा स्वाद लिया जाता है, उसी प्रकार फेफड़ों के द्वारा श्वसन की क्रिया होती है।

**34. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें दिए गए शब्दों के बीच वही संबंध है, जो दिए गए शब्द युग्म के शब्दों के बीच है।**
**प्रकाश संश्लेषण = सूर्य का प्रकाश**
(a) लेखन = कलम (b) पुस्तक = पत्रिका
(c) प्रिंटर = डेस्कजेट (d) पंखा = प्रकाश
**RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'प्रकाश संश्लेषण' के लिए 'सूर्य के प्रकाश' की आवश्यकता होती है उसी प्रकार 'लेखन' कार्य के लिए 'कलम' की आवश्यकता होती है। अतः विकल्प (a) का शब्द युग्म अभीष्ट उत्तर होगा।

**35. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**मधुमक्खी : शहद :: फूल : ?**
(a) पंखुड़ियां (b) फल (c) खुशबू (d) पौधा
**RRB NTPC 12.02.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार मधुमक्खी का संबंध शहद से है, उसी प्रकार फूल का संबंध खुशबू से है।

**36. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द के साथ वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**सौंदर्य : देखना :: संगीत : ?**
(a) छूना (b) सुनना (c) संवेदना (d) महसूस करना
**RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार सौंदर्य को देखा जाता है, उसी प्रकार संगीत को सुना जाता है।

**37. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द के साथ वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**बटुआ : रुपए :: पेनड्राइव : ?**
(a) स्टोरेज (b) जेब (c) डाटा (d) कंप्यूटर
**RRB NTPC 15.03.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'रुपए' को एकत्र करके रखने के लिए 'बटुआ' का प्रयोग किया जाता है उसी प्रकार 'डाटा' को एकत्र करके रखने के लिए 'पेन ड्राइव' का प्रयोग किया जाता है।

**38. दिए गए विकल्पों में से वह युग्म चुनें जो पहले युग्म के शब्दों की भांति आपस में संबंधित हो–**
**गंवार : सभ्य : .......... : ............**
(a) निर्दयी : वीर (b) जंगली : जानवर
(c) अंधेरा : रोशनी (d) निरक्षर : किताब
**RRB NTPC 12.04.2016 Shift : III**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार गंवार शब्द सभ्य का विपरीतार्थक शब्द है उसी प्रकार अंधेरा, रोशनी का विपरीतार्थक शब्द है।

**39. दिए गए विकल्पों में से वह युग्म चुनें जो पहले युग्म के शब्दों की भांति आपस में संबंधित होः**
**पर्वत : ऊंचाई :: ......... : ........**
(a) नदी : पानी (b) गुफा : गहराई
(c) घाटी : सुंदरता (d) चांद : परछाई
**RRB NTPC 16.04.2016 Shift : II**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार पर्वत अपनी ऊँचाई के लिए जाना जाता है, उसी प्रकार गुफा अपनी गहराई के लिए जानी जाती है।

**40. दिए गए विकल्पों में से युग्म चुनें जो युग्म के शब्दों की भांति आपस में संबंधित हो–**
**चाक : ब्लैकबोर्ड : : ........... : ...........**
(a) दरवाजा : हैंडल (b) स्याही : कागज
(c) टाइप : पेंट (d) टेबल : कुर्सी
**RRB NTPC 18.04.2016 Shift : III**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'ब्लैक बोर्ड' पर लिखने के लिए 'चाक' की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार 'कागज' पर लिखने के लिए 'स्याही' की आवश्यकता होती है।

**41. दी गई समरूपता के आधार पर, दिए गए विकल्पों में से दिया शब्द युग्म ज्ञात करें।**
**माताः बच्चा :: बादल : ?**
(a) बारिश (b) बिजली (c) पानी (d) मौसम
**RRB NTPC 18.04.2016 Shift : I**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'बच्चे' की उत्पत्ति 'माता' से होती है, उसी प्रकार 'बारिश' की उत्पत्ति 'बादल' से होती है।

**42. पक्षी : पंख : : मछली : ?**
(a) गलफड़ा (b) सर (c) मीनपंख (d) पैर
**RRB NTPC 19.04.2016 Shift : I**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार पंख के द्वारा पक्षी आसमान में उड़ता है ठीक उसी प्रकार से मीनपंख के द्वारा मछली जल में तैरती है।

**43. सख्त : पत्थर : : नरम : ?**
(a) पंख (b) चमक (शाईन) (c) चाँद (d) बालू
**RRB NTPC 18.01.2017 Shift : II**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार पत्थर सख्त होता है, उसी प्रकार पंख नरम होता है।

**44. पुस्तक : लेखक : : फर्नीचर : ?**
(a) यंत्र (b) वुडकटर (लकड़हारा) (c) लकड़ी (d) कारपेन्टर
**RRB NTPC 18.01.2017 Shift : II**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार पुस्तक को लेखक लिखता है, उसी प्रकार फर्नीचर को कारपेन्टर (बढ़ई) बनाता है।

**45. सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर सादृश्य पूरा करें–**
**चावल : कार्बोहाइड्रेट : : अंकुरित अनाज : ?**
(a) जल (b) प्रोटीन (c) ऊष्मा (d) वसा
**RRB NTPC 18.01.2017 Shift : I**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार चावल में कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है उसी प्रकार से अंकुरित अनाज में प्रोटीन पाया जाता है।

**46. उस विकल्प का चयन करें जो नीचे दिये गए जोड़े जैसा संबंध दर्शाता हो**
**न्यूनतम : अधिकतम**
(a) सबसे खराब : सबसे अच्छा (b) खुश : प्रसन्न
(c) पहला : दूसरा (d) दु:खी : क्रोधित
**RRB NTPC 30.03.2016 Shift : I**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार न्यूनतम, अधिकतम का विलोमार्थी है। उसी प्रकार सबसे खराब, सबसे अच्छा का विलोमार्थी है।

**47. पहली जोड़ी में दिए गए शब्दों के समान दिए गए विकल्पों में से संबंधित जोड़ी को चुनें।**
**भारत : रूपया :: दक्षिण अफ्रीका : ?**
(a) डॉलर (b) रैंड (c) पौंड (d) फ्रैंक
**RRB NTPC 04.04.2016 Shift : III**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार भारत की मुद्रा रूपया है उसी प्रकार दक्षिण अफ्रीका की मुद्रा रैंड है।

**48. उस विकल्प का चयन करें जो नीचे दिये गए जोड़े जैसा संबंध दर्शाता हो**
**जल : समुद्र : : बर्फ : ?**
(a) पहाड़ (b) हिमनद (c) ओलावृष्टि (d) चोटी
**RRB NTPC 17.01.2017 Shift-III**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार समुद्र जल से भरा होता है उसी प्रकार हिमनद बर्फ से ढका होता है।

**49. सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर सादृश्य पूरा करें–**
**गौरैया : दाना : : रेशम का कीड़ा : ?**
(a) मैपल (b) पाइन (c) मलबरी (d) सिल्क
**RRB NTPC 17.01.2017 Shift-III**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार गौरैया का आहार दाना होता है उसी प्रकार रेशम के कीड़े का आहार शहतूत (मलबरी) होता है।

**50. सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर सादृश्य पूरा करें–**
**नेत्र : आँसू :: ............. : .........**
(a) समुद्र : जल (b) ज्वालामुखी : लावा
(c) हृदय : धमनी (d) भूख : ब्रेड
**RRB NTPC 17.01.2017 Shift- III**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार से नेत्र से आँसू निकलता है उसी प्रकार से ज्वालामुखी से लावा निकलता है।

**51. सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर सादृश्य पूरा करें–**
**गर्म : शीतल : : .......... : .........**
**दूसरे सही युग्म का उपलब्ध विकल्पो से चयन करे:**
(a) विशाल : बड़ा (b) पतला : मोटा
(c) लंबा : ऊँचा (d) पुरूष : शिशु
**RRB NTPC 17.01.2017 Shift- III**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, गर्म का विलोम शीतल होता है उसी प्रकार पतला का विलोम मोटा होता है।

**52. सादृश्यता को पूरा करो–**
**शोक : खुशी : : संशय : ?**
(a) अज्ञान (b) दु:ख (c) संशयरहित (d) कायरता
**RRB NTPC 17.01.2017 Shift- II**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, शोक का विलोम $\rightarrow$ खुशी होता है। उसी प्रकार, संशय का विलोम $\rightarrow$ संशयरहित होता है।

**53. विकल्पों में से वह संख्या चुनें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जैसे दूसरी संख्या पहले शब्द से संबंधित है।**
**क्रिकेट : 11: : कबड्डी : ?**
(a) 5 (b) 6 (c) 8 (d) 7
**RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार क्रिकेट में खिलाड़ियों की संख्या 11 होती है, उसी प्रकार कबड्डी में खिलाड़ियों की संख्या 7 होती है।

## Type-2 : अंग्रेजी शब्दों पर आधारित सादृश्यता

**54. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**

**Pediatrics : Children : : Neurology : ?**

(a) Veins (b) Eyes (c) Brain (d) Heart

**RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार Pediatrics (बाल चिकित्सा विज्ञान) के अंतर्गत Children (बच्चों) का इलाज किया जाता है उसी प्रकार Neurology (तन्त्रिका-विज्ञान) के अंतर्गत Brain (मस्तिष्क) का इलाज किया जाता है।

**55. उस विकल्प को चुनें जिसमें युग्म के शब्दों के बीच वहीं संबंध है जो दिए युग्म के शब्दों के बीच है।**

**Cat:Mew :: ?**

(a) Duck : Quack (b) Owl : Hiss
(c) Jackal : Hoot (d) Bull : Crow

**RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-I) Stage Ist**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार, बिल्ली (Cat) की आवाज म्याऊँ (Mew) होती है। उसी तरह बत्तख (Duck) की आवाज क्वैक-क्वैक (Quack) होती है।

**56. उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**Entomology : Insects :: Etymology : ?**

(a) Plants (b) Words (c) Books (d) Statellites

**RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-II) Stage Ist**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार कीड़ो (Insects) का अध्ययन कीट विज्ञान (Entomology) के अन्तर्गत किया जाता है उसी प्रकार, शब्दों (Words) का अध्ययन शब्द साधन (Etymology) के अन्तर्गत किया जाता है।

**57. प्रथम दो शब्दों के बीच संबंध के आधार पर दिया गया शब्द ज्ञात करें।**

**FISHES : AQUARIUM : : BIRDS : ………..**

(a) AVIARY (b) APIARY (c) BYRE (d) DREY

**RRB NTPC 28.04.2016 Shift : II**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार, FISHES (मछली) को AQUARIUM (मछलीघर) में रखा जाता है, उसी प्रकार BIRDS (पक्षी) को AVIARY (पक्षी घर) में रखा जाता है।

**58. प्रथम दो शब्दों के बीच संबंध के आधार पर दिया गया शब्द ज्ञात करें**

**THE COLOSSEUM : ITALY :: PETRA :……**

(a) MEXICO (b) JORDAN
(c) GERMANY (d) BRAZIL

**RRB NTPC 28.04.2016 Shift : II**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, The Colosseum, Italy में स्थित एक प्रसिद्ध स्थल है। उसी प्रकार, Petra, Jordan में स्थित एक प्रसिद्ध स्थल है।

**59. प्रथम दो शब्दों के बीच संबंध के आधार पर दिया गया शब्द ज्ञात करें।**

**BHARATANATYAM:TAMILNADU::KUCHI PUDI : ………**

(a) ARUNACHAL PRADESH (b) ODISHA
(c) ANDHRA PRADESH (d) KERALA

**RRB NTPC 28.04.2016 Shift : II**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'भरतनाट्यम' तमिलनाडु राज्य का शास्त्रीय नृत्य है, उसी प्रकार 'कुचिपुड़ी' आन्ध्रप्रदेश राज्य का शास्त्रीय नृत्य है।

**60. Error : Blunder :: ………. : Excellent**

(a) Acceptable (b) Excel
(c) Unsatisfactory (d) Splendid

**RRB NTPC 27.04.2016 Shift : II**

